भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3622

उत्तर देने की तारीख : 20.12.2021

शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान

3622. श्री जनार्दन मिश्रः
श्री रविन्दर कुशवाहा:
डॉ. रामशंकर कठेरिया:
श्री सुब्रत पाठक:
श्री रवि किशन:
श्री नरेन्द्र कुमार:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश भर में शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों के लिए मानदंड निर्धारित करने के लिए कोई कार्ययोजना तैयार करेगी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में निर्धारित मानदंड क्या हैं;

(ग) क्या उक्त मानदंडों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर प्रतिबंध लगाए जाने की संभावना है;

(घ) देश में शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालयों/महाविद्यालयों के शिक्षकों की राज्य-वार विशेषकर राजस्थान में कुल संख्या कितनी है;

(ङ) क्या राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षण परिषद राज्यों में बी.एड. महाविद्यालयों को मान्यता प्रदान करती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) से (ग): जी, हां। एनसीटीई ने 26.10.2021 को भारत के राजपत्र में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (मान्यता, मानदंड और प्रक्रिया) संशोधन विनियम, 2021 अधिसूचित किया है और यह https://www.ncte.gov.in/website/PDF/regulation/509Regulations_2014.pdf. पर उपलब्ध हैं।

(घ): सूची अनुबंध-I में संलग्न है।

(ङ) से (च): एनसीटीई, एनसीटीई अधिनियम, 1993 की धारा 14 के तहत यथा निहित शक्तियों का प्रयोग विभिन्न अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों को मान्यता प्रदान करने के लिए करता है।

*****

अनुबंध –I

'शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान' के संबंध में माननीय संसद सदस्यों श्री जनार्दन मिश्र, श्री रविन्दर कुशवाहा, डॉ. रामशंकर कठेरिया, श्री सुब्रत पाठक, श्री रवि किशन और श्री नरेन्द्र कुमार द्वारा दिनांक 20.12.2021 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3622 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-I

31/03/2021 के अनुसार

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों की संख्या
1.	अरुणाचल प्रदेश	21
2.	असम	109
3.	बिहार	432
4.	झारखंड	162
5.	मणिपुर	25
6.	मेघालय	17
7.	मिजोरम	11
8.	नगालैंड	13
9.	सिक्किम	08
10.	त्रिपुरा	14
11.	ओड़ीसा	103
12.	पश्चिम बंगाल	854
13.	महाराष्ट्र	1289
14.	राजस्थान	1439
15.	मध्य प्रदेश	1068
16.	गुजरात	394
17.	छत्तीसगढ	218
18.	गोवा	10
19.	दमन और दीव	03
20.	दादर और नगर हवेली	01
21.	चंडीगढ़	14
22.	दिल्ली	156
23.	हरियाणा	760
24.	हिमाचल प्रदेश	117
25.	पंजाब	383
26.	उत्तर प्रदेश	4725
27.	उत्तराखंड	166
28.	आंध्र प्रदेश	976
29.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	01
30.	कर्नाटक	1083
31.	केरल	358
32.	लक्षद्वीप	02
33.	पुदुचेरी	44
34.	तमिलनाडु	1187
35.	तेलंगाना	451

******